हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 27 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.6 डिग्री
न्यूनतम 5.5 डिग्री

10 ग्रामीणों को मिलेंगी सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं



11 मां पद्मावती और क्षेत्रपाल की अराधना की



## खबर संक्षेप

### पंजाबी राम क्लब में सत्संग आज

**महम।** शनिवार को शाम पांच बजे से सात बजे तक पंजाबी राम क्लब में सत्संग का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय नागरिक नरेंद्र कुमार रल्हन ने बताया कि संत समागम में उत्तर प्रदेश से डॉ. रीटा यादव प्रवचन सुनाएंगी।

### युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अपराध पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के तहत एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान दीपक उर्फ दीपु पुत्र सुनील निवासी बालक नाथ कॉलोनी, माता दरवाजा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना महम में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध शराब सहित दो युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 37 बोतल शराब बरामद हुई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। थाना लाखनमाजरा के प्रभारी निरीक्षक समरजीत सिंह ने बताया कि राहुल उर्फ टपका 24 बोतल बरामद हुई। वहीं एक अन्य मामले में 13 बोतल देसी शराब के साथ मंदीप को गिरफ्तार किया गया।

### लंबित शिकायतों का जल्द समाधान करें

**रोहतक।** हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के प्रशासनिक अधिकारी एवं स्वास्थ्य व परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा व अनुसंधान एवं आयुष विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने शुक्रवार को समाधान शिविरों की शिकायतों की वर्चुअली समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अधिकारी शिकायतों का उचित निपटारा करवाए ताकि शिकायतें रि-ओपन न हो। लम्बित शिकायतों का भी यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। स्थानीय स्तर पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविरों की शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कुमार ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला प्रशासन की गर्मियों से पहले पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने की तैयारी

# जलघरों व बूस्टिंग स्टेशनों की मरम्मत होगी, शैलो ट्यूबवेल लगाने की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

आगामी गर्मियों में पेयजल संकट से बचने और नागरिकों को निर्बाध जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने अग्रिम तैयारी शुरू कर दी है। उपायुक्त सचिन गुप्ता के नेतृत्व में पेयजल को लेकर एक व्यापक और चरणबद्ध ग्रीष्मकालीन कार्ययोजना पर काम आरंभ कर दिया गया है। इस कार्ययोजना का उद्देश्य समयबद्ध क्रियान्वयन, प्रणालीगत सुधार और नागरिक-केंद्रित सेवा वितरण के माध्यम से सुरक्षित व विश्वसनीय पेयजल उपलब्ध कराना है।

■ शहर की 5.63 लाख आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने पर प्रशासन का फोकस

इस संबंध में उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में स्थानीय कैंप कार्यालय में एक विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्तमान जल आपूर्ति की स्थिति, प्रणालीगत कमियों की पहचान और आगामी महीनों के लिए चरणबद्ध रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशासन का लक्ष्य है कि गर्मियों की चरम अवधि से पहले और जहां संभव हो, मानसून से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं। शहर की वर्तमान जनसंख्या लगभग 5.63 लाख है। मानकों के अनुसार प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर पानी की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में प्रभावी आपूर्ति लगभग 85 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। यह स्थिति अल्पकालिक प्रबंधन के साथ-साथ दीर्घकालिक क्षमता विस्तार की जरूरत को दर्शाती है। शहर की जल आपूर्ति मुख्य रूप से जेएलएन और बीएसबी नहरों से प्राप्त नहर आधारित पानी पर निर्भर है।





**रोहतक।** पेयजल सप्लाई को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

शहरी क्षेत्र में चार प्रमुख जलघर और 26 बूस्टिंग स्टेशन कार्यरत हैं। इसके अलावा नगर निगम के अंतर्गत हाल ही में 9 ग्रामीण जलघर भी जोड़े गए हैं। समीक्षा के दौरान पुरानी पाइपलाइनों, सीमित भंडारण क्षमता, पम्पिंग दक्षता की कमी, कच्चे पानी की उपलब्धता और भविष्य के विस्तार के लिए भूमि की कमी जैसी चुनौतियां सामने आईं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि इस कार्ययोजना का उद्देश्य गर्मियों में आपात स्थिति से बचना और प्रमुख परियोजनाओं को मानसून से पहले पूरा करना है।

### पहला चरण : पानी न आने की समस्या का समाधान

पहले चरण में, जिसे 15 मार्च तक पूरा किया जाना है, मौजूदा व्यवस्था को स्थिर करने पर जोर दिया गया है। जलघरों और बूस्टिंग स्टेशनों पर पुरानी और अक्षम पम्पिंग मशीनरी की मरम्मत या प्रतिस्थापन किया जा रहा है। जहां आवश्यकता है, वहां शैलो ट्यूबवेल लगाने की योजना बनाई गई है। गंदे पानी और पानी न आने की शिकायतों की पहचान कर उनके समाधान के निर्देश दिए गए हैं। जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अब तक 800 से अधिक अस्वच्छ जल कनेक्शन काटे जा चुके हैं। विभाग की टीमें लगातार फिल्ड में निगरानी कर अवैध कनेक्शन काटने में जुटी है।

### दूसरा चरण: भीषण गर्मी में ये व्यवस्थाएं रहेंगी

15 अप्रैल तक पूरा होने वाले इस चरण का फोकस गर्मियों की चरम मांग के दौरान निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। सभी जलघरों और 26 बूस्टिंग स्टेशनों की पूर्ण परिचालन तत्परता सुनिश्चित की जाएगी। जल संकटग्रस्त क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार पानी के टैंकर लगाए जाएंगे। नहरों से ट्रैक्टर-बुर्मा के माध्यम से कच्चा पानी उठाने की अस्थायी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। क्षेत्र-विशिष्ट निगरानी के माध्यम से दबाव प्रबंधन और त्वरित शिकायत निवारण पर जोर रहेगा। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग व प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड पर पेयजल सप्लाई सुनिश्चित करेंगे।

### दूसरा चरण: कच्चे पानी के भंडारण पर काम होगा

इस चरण में स्थायी समाधान पर काम किया जा रहा है। पुरानी एसी, पीवीसी और सीआई पाइपलाइनों को डीआई पाइपलाइनों से बदला जाएगा। जलघर संख्या-5 (सोनीपत रोड) के उन्नयन, आईडीसी जलघर परियोजना की पूर्णता, कच्चे पानी के भंडारण के लिए तिलियार झील और गढ़ी बोहर से जुड़ी भूमि पहचान जैसे कार्य भी इसमें शामिल हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल आपूर्ति ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

## एमडीयू की डिजिटल पहल : छात्र पोर्टल पर छह ऑनलाइन सेवाओं का शुभारंभ

# री-चेकिंग व डुप्लीकेट डीएमसी के लिए नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने विद्यार्थियों को आधुनिक, पारदर्शी और सुगम शैक्षणिक सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए छात्र पोर्टल के माध्यम से छह महत्वपूर्ण ऑनलाइन सेवाओं का शुभारंभ किया। इन सेवाओं का उद्घाटन कुलपति प्रो. राजबीर द्वारा कुलपति समिति कक्ष में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में किया गया। शुभारंभ की गई इन सेवाओं में पुनर्मूल्यांकन, री-चेकिंग, डुप्लीकेट विस्तृत अंक-पत्र (डीएमसी), डुप्लीकेट डिग्री, ट्रांसक्रिप्ट तथा बैकलॉग प्रमाण-पत्र शामिल हैं। इन सेवाओं के शुरू होने से अब विद्यार्थियों को परीक्षा एवं शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यह पहल न केवल समय और संसाधनों की बचत करेगी, बल्कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, त्वरित और छात्र-केन्द्रित बनाएगी।

### विद्यार्थियों को समय पर मिलेंगी सुविधाएं

इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजबीर ने कहा कि एमडीयू शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक सुधारों में भी तकनीक को सशक्त माध्यम के रूप में अपना रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र हित विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है और डिजिटल सेवाओं का विस्तार इसी सोच का परिणाम है। कुलपति ने विश्वास जताया कि यह प्रणाली भ्रष्टाचार की संभावनाओं को न्यूनतम करेगी और विद्यार्थियों को समयबद्ध, विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराएगी। 'डिजिटल इंडिया' के लक्ष्य की दिशा में इसे एमडीयू का ठोस योगदान बताया। चीफ कंसलटेंट प्रो. महाबीर धनखड़ और परीक्षा नियंत्रक ने इन ऑनलाइन सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह डिजिटल पहल एमडीयू को एक आधुनिक, उत्तरदायी और छात्र-अनुकूल विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित होगा।

## नई शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य

# डिग्री के साथ युवाओं को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक भी बनाएंगे : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने वाला हरियाणा देश का पहला राज्य है। ढांडा शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित मॉडल स्कूल के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित छात्रों व अभिभावकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत रोजगारपरक, कौशल व नवाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति शैक्षणिक डिग्री देने तक सीमित नहीं है बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भर व जिम्मेदार नागरिक बनाने का काम करती है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने नई शिक्षा नीति को वर्ष 2030 तक लागू करने का लक्ष्य रखा है। लेकिन हरियाणा में इसे वर्ष 2025 में ही पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे है।

### 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

मंत्री ने स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की और स्कूल के विकास के लिए 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य बच्चों को सिर्फ शिक्षित करना नहीं है बल्कि उन्हें हुनरमंद बनाने के साथ-साथ उद्यमिता की शिक्षा देना है ताकि बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बन सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र और विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार गुणवत्तापरक, आधुनिक तकनीक व संस्कार युक्त शिक्षा पर विशेष फोकस कर रही है। शिक्षण संस्थाओं की ढांचागत सुविधाओं को मजबूत किया गया है। मंत्री ने मॉडल स्कूल एजुकेशन सोसायटी का आह्वान करते हुए कहा कि सोसायटी के स्कूलों को आदर्श स्कूल बनाने की दिशा में विशेष फोकस करना होगा। उन्होंने जरूरतों के अनुसार शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की बात भी कही।



### स्वस्थ समाज के लिए शिक्षा महत्वपूर्ण

पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने इस मौके पर कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और राजनीति एक दूसरे को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ और शिक्षित समाज बनाने के लिए इन तीनों के बीच तालमेल होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले राजनीतिक भ्रष्टाचार के चलते पाठ्यपुस्तकों में देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महापुरुषों की अनदेखी की गई थी। विद्यालय प्राचार्या डॉ. अरूणा तनेजा ने सालाना रिपोर्ट रखी। इसमें उन्होंने बताया कि मॉडल स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेलों तथा प्रशासनिक सेवाओं में उच्च स्थान हासिल करके विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## एमडीयू के गैर शिक्षक कर्मचारी मांगों को लेकर रजिस्ट्रार से मिले



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को कुल सचिव डॉ.कृष्णकांत से मुलाकात करके संघ की मांगों के बारे में अवगत कराया। रजिस्ट्रार ने कर्मचारियों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बैठक में संघ के प्रधान सुरेश कौशिक, उपप्रधान प्रेम सिंह सजवान, महासचिव विजयपाल धनखड़, सहसचिव राजकुमार रंगा, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा ,पूर्व प्रधान फूल कुमार बोहत मौजूद रहे। कार्यकारी अभियंता जेएस दहिया, सुरक्षा अधिकारी तरुण शर्मा, सहायक कुलसचिव रमेश, यजवेंदर और मंदीप सैनी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय में कार्यरत क्लर्कों के लिए सरकार द्वारा अनिवार्य एमईटीसी टेस्ट, जिन कर्मचारियों की सैलरी 4 साल से एडमिट नहीं हुई, उसे एडमिट करने बारे, 3200-3600 ग्रेड पे, खिलाड़ियों को खेल के लिए दी जाने वाली इंक्रीमेंट, अनुसूचित जाति की 10 पोस्ट को भरने, कम्युनिटी सेंटर के बढ़ाए रेट को कम करने को मांग पत्र सौंपा

### धावक रणबीर मलिक का किया स्वागत

**रोहतक।** 34 वीं मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन मेडल विजेता धावक रणबीर मलिक का सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा दिल्ली बाईपास के नजदीक नहरों के पुलों पर आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया। धावक मलिक ने बताया कि यह प्रतियोगिता गत दिनों पंचकूला में आयोजित की गई थी। जिसमें उन्होंने 5000 मीटर रेस में तीसरा स्थान मिला और तेज चाल में, दूसरे स्थान पर रहे और पोल वॉल्ट में तीसरे स्थान पर रहकर 3 मेडल जीते थे। सुनो नहरों की पुकार मिशन द्वारा धावक मलिक का जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि उन्होंने 2002 से अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में 769 मेडल जीते हैं।

## कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में चल रहे विकास कार्यों का निगम आयुक्त ने किया निरीक्षण



**रोहतक।** कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स में चल रहे कार्यों का शुक्रवार को निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। नगर निगम द्वारा डेयरी कॉम्प्लेक्स डेयरी संचालको को सुविधा हेतु आवश्यक सुविधाएं जैसे कि जल व्यवस्था, अपशिष्ट जल निकासी प्रणाली, पशुओं के लिए उचित स्थान, गलियां, चारा मण्डी, लाईट इत्यादि की समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

### कोताही सहन नहीं

आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि निरीक्षण के दौरान डेयरी कॉम्प्लेक्स में चल रहे कार्यों की जांच की गई तथा निर्देश दिए गए कि यह कार्य शहर के लिए महत्वपूर्ण कार्य है इसमें कार्य में तेजी लाई जाए व कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप तथा तकनीकी मापदंडों के आधार पर ही समयबद्ध रूप से संपन्न किए जाए। किसी भी कार्य में लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बिजली निजीकरण व परमाणु विधेयक के खिलाफ किसान-मजदूर-कर्मचारी लामबंद

**रोहतक।** बिजली निजीकरण से जुड़े बिजली (संशोधन) बिल 2025 के ड्राफ्ट, प्रीपेड स्मार्ट मीटर और परमाणु ऊर्जा से संबंधित शांति विधेयक के विरोध में किसान, मजदूर और बिजली कर्मचारी-इंजीनियर एकजुट हो गए हैं। शुक्रवार को कर्मचारी भवन, रोहतक में एनसीसीओईईई, संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों की संयुक्त बैठक में निर्णायक आंदोलन का फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सत्यवान, अमित यादव व सुरेश राठी ने की, जबकि संचालन सुभाष लांबा ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बिजली निजीकरण से सब्सिडी व क्रॉस-सब्सिडी खत्म होगी और बिजली गरीबों व किसानों की पहुंच से बाहर हो जाएगी। वहीं शांति विधेयक से परमाणु सुरक्षा व जवाबदेही व्यवस्था कमजोर होगी और दुर्घटनाओं का बोझ जनता व राज्य पर पड़ेगा। नेताओं ने ऐलान किया कि 15 जनवरी को जींद में महासम्मेलन कर आंदोलन की औपचारिक घोषणा की जाएगी। साथ ही 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

## सिगरेट की पेटियां चोरी करने के आरोप में तीन गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ (एसडीएस) टीम ने दुकान से सिगरेट की पेटियां चोरी करने के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए नाबालिग युवक सहित तीन आरोपियों को काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा सिगरेट की सात पेटियां और वारदात में इस्तेमाल की गई गाड़ी भी बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार, नाबालिग आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाल न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। वहीं, दो अन्य आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है। शिकायतकर्ता आलोक आईटीसी कंपनी में कार्यरत है। उसने 18 दिसंबर को आईटीसी कंपनी से सिगरेट की 70 पेटियां खरीदी थीं, जिन्हें उसने अपने कार्यालय में रख दिया था। अगले दिन 1 को जब वह कार्यालय के फर्स्ट फ्लोर पर सिगरेट की पेटियां लेने पहुंचा, तो उसे सात पेटियां कम मिलीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आशीष और लाखन के रूप में हुई।

# हीरा-पन्ना कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने जमा कराया 26 लाख का प्रोपर्टी टैक्स

■ व्यापारियों की पहल को नगर निगम के अधिकारियों ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा संपत्तिकर की वसूली को लेकर चलाए जा रहे सीलिंग अभियान के बीच हीरा-पन्ना कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों ने एक सराहनीय उदाहरण पेश किया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम के आह्वान पर हीरा-पन्ना काम्प्लेक्स के दुकानदारों ने लगभग 26 लाख रुपये का संपत्तिकर जमा करवाया है। यह कदम न केवल निगम प्रशासन के प्रयासों को मजबूती देता है, बल्कि अन्य बकायेदारों के लिए भी प्रेरणादायी संदेश है।

नगर निगम आयुक्त ने बताया कि इससे पूर्व हीरा-पन्ना काम्प्लेक्स के दुकानदारों द्वारा अनुरोध किया गया था कि उन्हें कुछ समय दिया जाए, ताकि वे अपना बकाया संपत्तिकर जमा कर सकें। निगम प्रशासन ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उन्हें समय प्रदान किया। निर्धारित समय के भीतर दुकानदारों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निगम के साथ सहयोग किया और भारी राशि का भुगतान कर दिया। संपत्तिकर नगर निगम की आय का प्रमुख स्रोत है। इसी आय के माध्यम से शहर में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जाता है, सड़कों का निर्माण एवं मरम्मत की जाती है, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है।



### संपत्ति कर जमा न करवाने वालों पर एक्शन की तैयारी

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन दुकानदारों या संपत्ति मालिकों द्वारा बार-बार नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अब तक संपत्तिकर जमा नहीं करवाया गया है, उनके विरुद्ध निगम अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे बकायेदारों की दुकानों और प्रतिष्ठानों को नियमानुसार सील किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित दुकानदारों की होगी। निगम का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि कानून के तहत राजस्व संग्रह सुनिश्चित करना है।



## खबर संक्षेप

### कड़ाके की सर्दी में जरूरतमंदों को बाटे कंबल

**रोहतक।** कड़ाके की सर्दी को देखते हुए पीबी सेवन ग्रुप के मालिक पंकज बलहारा ने एक सराहनीय सामाजिक पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत इस सर्दी के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित करने का संकल्प लिया गया है। इसका उद्देश्य ठंड से जूझ रहे गरीब, बेसहारा, मजदूर वर्ग और सड़क किनारे रहने वाले लोगों को राहत प्रदान करना है। पंकज बलहारा ने बताया कि सर्दी का मौसम समाज के कमजोर वर्ग के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण होता है।

### जजपा में मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी

**रोहतक।** प्राइवेट आईटीआई एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष एवं इनेलो के वरिष्ठ नेता राजपाल देशवाल ने कहा कि जजपा गुरू चेले की पार्टी बनकर रह गई है और मेहनती कर्मठ कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर सिर्फ सांठ गांठ करने वालों की चांदी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित के मुद्दों से जजपा का कोई लेना देना नहीं है, इसलिए सैकडों लोग जजपा पार्टी छोड़ने का निर्णय ले चुके है।

### रिटायर्ड इंस्पेक्टर सुजीत सिंह का निधन

**रोहतक।** हरियाणा पुलिस के इंस्पेक्टर सुजीत सिंह उर्फ तकदीर खोखर का शुक्रवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका गुरूग्राम के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। शाम के समय शीला बाईपास स्थित श्मशान घाट में पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। पुलिस टुकड़ी ने मातमी धुन बजाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मूल रूप से जिला के कंसाला गांव निवासी सुजीत सिंह खोखर रोहतक की कमल कॉलोनी में परिवार सहित रह रहे थे।

### सार्थक व हितेश ने शूटर उपाधि हासिल की

**सांपला।** दिल्ली तुगलकाबाद स्टेडियम में हुई 68 वीं नेशनल शूटिंग प्रतियोगिता में शूटर उपाधि हासिल कर ली है। अब वह नेशनल प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। खंड के गांव भैंसरु खुर्द निवासी बाल खिलाड़ी सार्थक पुत्र पुनित कुमार व हितेश पुत्र विजय पाल ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। उन्होंने दस मीटर एयर पिस्टल में 600 में से सार्थक ने 541 अंक और हितेश ने 518 अंक हासिल किए। शुक्रवार को लोगों ने बाल खिलाड़ी और कोच राकेश और रमेश कादयान को बधाई दी।

### साहिबजादों से प्रेरणा लेकर देश हित में करें कार्य

**रोहतक।** हमारा देश हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए और उसके बाद हमें खुद को रखना चाहिए। हमें हर कार्य को बड़े ही ध्यान से एकाग्रता के साथ करना चाहिए। किसी भी कार्य को करने के लिए उम्र की कोई बाधा नहीं होती हमें सच्चाई और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीना चाहिए। यह कहना है पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल का। वे शुक्रवार को बाबा फतेह सिंह, बाबा जोरावर सिंह शहीदी प्रर्दशनी ट्रस्ट द्वारा लेक्चर थियेटर 5 में मनाए जा रहे वीर बाल दिवस कार्यक्रम के अवसर पर पर चिकित्सकों व बच्चों को संबोधित कर रहे थे।

# पानी, सीवर, सड़कों और वार्ड विकास के लिए धरातल पर उतरी कई परियोजनाएं

## आगे की तैयारी, 2025 में रखी गई आने वाले वर्षों की नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साल 2025 रोहतक के लिए केवल घोषणाओं का नहीं, बल्कि धरातल पर उतरती परियोजनाओं का वर्ष बनकर सामने आया। शहर और ग्रामीण क्षेत्र दोनों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए सरकार, नगर निगम और विभिन्न विभागों की ओर से योजनाओं की एक लंबी श्रृंखला शुरू की गई। पानी की आपूर्ति से लेकर सीवर व्यवस्था, सड़क निर्माण, वार्ड स्तर के विकास कार्य, ड्रेनेज सुधार और सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तक, रोहतक को करोड़ों रुपये की परियोजनाएं मिलीं।

इस साल रोहतक के लिए सबसे अहम विषयों में पेयजल व्यवस्था रही। लगातार बढ़ती आबादी और भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से कई नई योजनाओं को मंजूरी दी गई। शहर के विभिन्न हिस्सों में पानी की सप्लाई को संतुलित करने के लिए नए बूस्टर स्टेशन स्वीकृत किए गए। इन बूस्टरों का उद्देश्य दूरदराज और ऊंचाई वाले इलाकों में पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुंचाना है। शहर के बाहरी क्षेत्रों, नई कॉलोनियों और पुराने मोहल्लों में पाइपलाइन बदलने और नई लाइन बिछाने पर भी बड़ी राशि खर्च की गई। अधिकारियों के अनुसार पेयजल से जुड़ी योजनाओं पर अकेले कई दर्जन करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई। इससे आने वाले वर्षों में पानी की किल्लत से राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

**अलविदा 2025 :** यह साल रोहतकवासियों के लिए मिला-जुला रहा। लोगों को जहां बिजली, पानी, टूटी सड़कों और सफाई जैसी व्यवस्था के लिए दो-चार होना पड़ा, वहीं, इसी वर्ष भविष्य के लिए कई परियोजनाओं की सौगात भी मिली, कई की नींव रखी गई। इनमें परियोजनाओं में पानी की आपूर्ति से लेकर सीवर व्यवस्था, सड़क निर्माण, वार्ड स्तर के विकास कार्य, ड्रेनेज सुधार और सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार तक शामिल है। हालांकि इसका असर आने वाले दिनों में दिखाई देगा और लोगों के जीवन को आसान बनाएगा। *पेश है ऐसी ही योजनाओं का लेखा-जोखा...।*



**रोहतक।** वार्ड-10- मस्तनाथ नगर में गैस पाइपलाइन बिछाने की नींव रखते पार्षद प्रतिनिधी सुमित नांदल। (फाइल फोटो)



**रोहतक।** कई सालों से न बनने वाली गली का निर्माण कार्य शुरू करवाते हुए पार्षद। (फाइल फोटो)

### नए जलघर की मंजूरी मिली

*मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में बताया गया कि तिलयार पर्यटन केंद्र के पास नगर निगम की जमीन पर जलघर बनाने की योजना को मंजूरी दी गई है। इसके लिए जमीन जन स्वास्थ्य विभाग को सौंपी जाएगी। हालांकि कोर्ट ने साफ कर दिया कि ट्रंप को दुनिया के हर देश पर टैरिफ लगाने का कानूनी अधिकार नहीं दिया जा सकता है।*

### ग्रामीण क्षेत्र भी रहे विकास से अछूते नहीं

इस वर्ष विकास की योजनाएं केवल शहर तक सीमित नहीं रहीं। रोहतक जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंचायत स्तर पर कई परियोजनाएं शुरू की गईं। गांवों में जलापूर्ति, गलियों का निर्माण, तालाबों का सौंदर्यीकरण और सामुदायिक भवनों के निर्माण पर भी करोड़ों रुपये खर्च किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में सीवर और ड्रेनेज की छोटी लेकिन जरूरी योजनाओं ने लोगों को राहत दी। इससे यह साफ हुआ कि विकास का फोकस केवल शहरी क्षेत्र नहीं, बल्कि पूरे जिले पर रहा।

### पांच साल के लिए डोर टू डोर का स्थाई टेंडर हुआ

लम्बे अरसे के बाद नगर निगम ने डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए स्थाई तौर पर टेंडर किया। करीब 86 करोड़ की लागत से यह टेंडर जारी किया गया। इसके अलावा 22 वार्डों में दो सौ से अधिक गाड़ियां कूड़ा उठाने के लिए लगाई गई। जिसके बाद सफाई व्यवस्था में काफी सुधार देखने को मिला।

### 2025 से आगे की राह

साल 2025 रोहतक के लिए एक संक्रमण काल की तरह रहा, जिसमें योजनाओं की नींव रखी गई। आने वाले वर्षों में इन परियोजनाओं के पूरा होने से पानी, सीवर, सड़क और नागरिक सुविधाओं में बड़ा सुधार देखने को मिल सकता है।

### नगर निगम ने वार्डों के लिए 22 करोड रुपये वितरित किए

नगर निगम की ओर से 2025 में वार्ड स्तर पर विकास कार्यों की झड़ी लगी रही। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में गलियों के निर्माण, इंटरलॉक टाइल्स, सीसी सड़कों, स्ट्रीट लाइट, पार्कों के सौंदर्यीकरण और सामुदायिक भवनों के निर्माण की शुरुआत की। नगर निगम बजट से वार्डों को विकास कार्यों के लिए अलग-अलग राशि आवंटित की गई। कई वार्डों में एक से दो करोड़ रुपये तक के कार्य स्वीकृत हुए। यदि पूरे शहर के वार्डों को मिलाकर देखा जाए तो यह राशि दर्जनों करोड़ रुपये तक पहुंचती है।

### सड़क और यातायात ढांचे के लिए 4 करोड रुपये से ज्यादा के कार्य

सड़कों और यातायात ढांचे को मजबूत करने पर भी विशेष जोर रहा। मुख्य सड़कों के चौड़ीकरण, लिंक सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण की योजनाएं लागू की गईं। कई जगहों पर लंबे समय से खराब पड़ी सड़कों को दोबारा बनाया गया, जिससे आवागमन सुगम हुआ। इसके साथ ही शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर करने के लिए चौराहों के सुधार, डिवाइडर निर्माण और संकेतक लगाने पर भी खर्च किया गया। यह सभी कार्य विकास के उस बड़े पैकेज का हिस्सा रहे, जिसने रोहतक की शहरी संरचना को नई दिशा दी।

### कुल निवेश का आकार

यदि इस वर्ष रोहतक को मिली सभी बड़ी और छोटी परियोजनाओं को एक साथ देखा जाए, तो यह साफ होता है कि कुल निवेश का आंकड़ा सैकड़ों करोड़ रुपये तक पहुंचता है। पानी के बूस्टर, सीवर डिस्पोजल, पाइपलाइन, नगर निगम के वार्ड विकास कार्य, सड़क निर्माण और ग्रामीण योजनाओं को मिलाकर यह राशि रोहतक के विकास इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ती है। हालांकि कई परियोजनाएं अभी निर्माणाधीन हैं और उनका पूरा लाभ आने वाले वर्षों में मिलेगा, लेकिन 2025 ने यह संकेत दे दिया है कि रोहतक को एक व्यवस्थित और आधुनिक शहर बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ चुके हैं।



### केंद्रीय सहकारी बैंक के निदेशक राजेश कुमार को हरको बैंक के निदेशक चुने गए

**रोहतक।** दी रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की निदेशक मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बहुमत के आधार पर बैंक के निदेशक राजेश कुमार निवासी गांव खरैंटी को दी हरियाणा राज्य सहकारी शीर्ष बैंक लिमिटेड (हरको बैंक), चंडीगढ़ का निदेशक चुना गया। चुनाव के पश्चात बैंक के चेयरमैन हरिश कौशिक द्वारा राजेश कुमार को फूल माला पहनाकर बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। इस अवसर पर उपस्थित निदेशकों एवं अधिकारियों ने भी उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। हरको बैंक के निदेशक चुने जाने पर राजेश कुमार ने चेयरमैन हरिश कौशिक, बैंक के समस्त निदेशक मंडल, महाप्रबंधक तथा उप-रजिस्ट्रार महोदया का आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे सहकारी बैंकिंग व्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

### आर्य स्कूल मदीना में ज्ञान सेतु एआई लैब की शुरूआत, समाधान खोजने में मिलेगी मदद

**महम।** आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में ज्ञान सेतु एआई लैब का शुभारंभ किया गया। प्रिंसिपल अशोक दांगी ने बताया कि यह अत्याधुनिक लैब विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, नवाचार तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे उभरते क्षेत्रों से जोड़कर उन्हें भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना करने हेतु सक्षम बनाएगी। विद्यालय में एआई लैब की स्थापना करने वाले कनाडा इंडिया टैक्स काउंसिल के प्रणेता, टेक्नोलॉजी विशेषज्ञ अंशुल रूहिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक तकनीक नहीं, बल्कि सोचने, समझने और समस्याओं का समाधान खोजने की एक नई दृष्टि है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीक का उपयोग केवल व्यक्तिगत सुविधा तक सीमित न रखें, बल्कि इसे समाज और देश के विकास से जोड़कर देखें।





### पठानिया स्कूल में एनएसएस कैंप का काउंसिलिंग सत्र, स्वयंसेवकों को मिला जीवन मार्गदर्शन

**रोहतक।** पठानिया स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर स्वयंसेवकों के लिए एक प्रेरणादायक काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह परामर्श सत्र स्कूल काउंसलर भूमिका शर्मा द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना, व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना और जीवन में सकारात्मक सोच को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान भूमिका शर्मा ने स्वयंसेवकों को मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण, तनाव प्रबंधन और सामाजिक जिम्मेदारियों जैसे अहम विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से यह समझाया कि युवा अपनी आंतरिक क्षमताओं को पहचानकर किस प्रकार जीवन में सफलता की राह चुन सकते हैं। परामर्श सत्र में स्वयंसेवकों ने खुलकर अपने विचार और समस्याएं साझा कीं, जिनका समाधान संवेदनशीलता और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया गया।

### मॉडल स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह मनाया

**रोहतक।** मॉडल स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 26 दिसंबर को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा रहे। उन्होंने मॉडल स्कूल की शैक्षणिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों की सराहना करते हुए विद्यालय के विकास के लिए 11 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर तथा राकेश आहूजा, प्रबंध निदेशक पंचरत्न फास्टनर्स प्राइवेट लिमिटेड, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नन्हे विद्यार्थियों ने सेना के तीनों अंगों की वर्दी में मुख्य अतिथि को सलामी देकर कार्यक्रम को विशेष बना दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। फिल्मी गीतों पर नृत्य, 'बोल के लब आजाद हैं तेरे' थीम पर प्रस्तुति, गंगा-जमुनी संस्कृति की झलक और विद्यालय की ऑर्केस्ट्रा टीम ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।



**रोहतक।** मॉडल स्कूल का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ करते शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा। फोटो : हरिभूमि

# ग्रामीणों को मिलेंगी सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं

- ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा की नई पहल, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले के गांव खिड़वाली में शुक्रवार को राम फूल हुड्डा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक चैरिटेबल अस्पताल का शुभारंभ किया गया। इस स्वास्थ्य सुविधा का उद्घाटन प्रख्यात स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं पीजीआईएमएस के सेवानिवृत्त शल्य चिकित्सा प्रोफेसर डॉ. रणबीर सिंह दहिया ने गांव के पूर्व सरपंच चौधरी राम फूल हुड्डा के साथ संयुक्त रूप से किया।

यह अस्पताल ग्रामीणों को सुलभ एवं किफायती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। ट्रस्ट के अंतर्गत निर्मित इस अस्पताल में पूर्णकालिक डॉक्टर की व्यवस्था रहेगी। अस्पताल की ओपीडी सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक संचालित होगी। ट्रस्ट द्वारा भविष्य में शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य किया जाएगा, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण पर फोकस रहेगा। उद्घाटन अवसर पर डॉ. रणबीर सिंह दहिया ने कहा कि गांव खिडवाली में चैरिटेबल अस्पताल की स्थापना ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने इस जनहितकारी कार्य के लिए चौधरी राम फूल हुड्डा की प्रशंसा की। समारोह में हरियाणा के पूर्व मंत्री चौधरी कृष्ण मूर्ति हुड्डा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने इस स्वास्थ्य सेवा पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण समाज के लिए लाभकारी बताया।



**रोहतक।** चैरिटेबल अस्पताल का शुभारंभ करते पीजीआईएमएस के सेवानिवृत्त शल्य चिकित्सा प्रोफेसर डॉ. रणबीर सिंह दहिया।

### राम स्वरूप हुड्डा स्मृति अस्पताल जनसमर्पित

चौधरी राम फूल हुड्डा ने बताया कि यह पहल उनके दिवंगत पिता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व विधायक चौधरी राम स्वरूप हुड्डा की स्मृति को समर्पित है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने भी अपने जीवनकाल में गांव में एक आयुर्वेदिक औषधालय की स्थापना की थी और उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए यह अस्पताल शुरू किया गया है। इस अवसर पर स्वर्गीय चौधरी राम स्वरूप हुड्डा के परिवारजन, उनके पुत्र राम फूल हुड्डा, श्रीभगवान हुड्डा, विस्तारित परिवार एवं गोत्र के सदस्य, डॉ सौरभ, डॉ आस्था तथा बड़ी संख्या में गांव के लोग उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने इस सकारात्मक विकास पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की।

### शहीद उधम सिंह की 126वीं जयंती मनाई

**रोहतक।** हरियाणा दलित एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण एसोसिएशन के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेड़कर भवन नेहरू कॉलोनी में शहीद-ए-आजम उधम सिंह की 126वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्रधान डॉ. अनिल मेहरा ने की। इस अवसर पर शहीद उधम सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में सामाजिक, राजनीतिक एवं बौद्धिक वर्ग के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। शहरी कांग्रेस के प्रधान कुलदीप (केडी) और ग्रामीण अध्यक्ष बनाने पर बलवान सिंह रंगा का ढोल-नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया। दोनों पदाधिकारियों को पगड़ी, स्मृति चिन्ह एवं फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।



### वीर बाल दिवस पर चार साहिबजादों को नमन, सृजन कुटुम्बकम सेवा संस्थान ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**रोहतक।** सृजन कुटुम्बकम सेवा संस्थान, रोहतक की ओर से वीर बाल दिवस के अवसर पर सिख इतिहास के अमर बलिदानी चार साहिबजादों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक सोमबीर कालिरामना, संस्थान की पूरी टीम, वार्ड नंबर 18 के पार्षद जितेंद्र रोहिला, समाजसेवी डॉ. कृष्ण गोपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के संस्थापक सोमबीर कालिरामना ने कहा कि चार साहिबजादों का बलिदान भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इतनी अल्प आयु में धर्म, सत्य और राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करना आने वाली पीढ़ियों के लिए महान प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र, संस्कार और स्वाभिमान से बढ़कर कुछ नहीं होता। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समाज को वीर साहिबजादों के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराना रहा। उपस्थित नागरिकों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।



### हिंदू महाविद्यालय में सामाजिक कल्याण अभियान का समापन

**रोहतक।** श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित सामाजिक कल्याण अभियान का समापन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा की अध्यक्षता में किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना रंगा ने बताया कि इस मुहिम के माध्यम से विद्यार्थियों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास कराया जाता है। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय परिसर में तीन डोनेशन बॉक्स लगाए गए, जिनमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से पुराने गर्म कपड़े, कंबल और जूते एकत्रित किए गए। यह अभियान पिछले तीन वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। एकत्रित सामग्री को भिवानी चुंगी स्थित झुग्गियों में जरूरतमंद और गरीब वर्ग के लोगों में वितरित किया गया। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने कहा कि हमारा अप्रयुक्त सामान किसी के लिए जीवन रक्षण का माध्यम बन सकता है। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाना ही इस अभियान का मूल उद्देश्य है। यह अभियान डॉ. वंदना रंगा, डॉ. संदीप और चंदना जैन की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अनिला बठला, डॉ. शिखा, डॉ. नीलम, भगत सिंह, कृष्ण, रवि, मोहित सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रथम चरण में 15 मार्च तक नालों, सीवर लाइनों एवं नालियों की गाद निकालेंगे व अवरोध करेंगे दूर

# जिला प्रशासन ने 6 महीने पहले शुरू की बाढ़ नियंत्रण की तैयारी

- दूसरे फेज में 15 अप्रैल तक शहरी बाढ़ प्रबंधन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे
- बीते मानसून सीजन में रोहतक जिले में 34 प्रतिशत अधिक 626 .6 मिलीमीटर बारिश हुई थी

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

अमूमन जून के अंतिम सप्ताह में प्रदेश में मानसून पहुंचता है। जरा सी ज्यादा बरसात होते ही शहर पानी से लबालब होता है। कई रिहायशी इलाके तो ऐसे भी जहां जलभराव झेलना लोगों की नियति बन चुका है। 6 महीने बाद मानसून में शहर पानी-पानी न हो, इसके लिए डीसी सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को कैंप कार्यालय में अधिकारियों की मीटिंग ली। और अफसरों को निर्देश दिए है कि इस बार मानसून में लोगों को किसी भी सूरत में जलभराव की समस्या का सामना नहीं होना चाहिए। अधिकारियों ने भी बॉस की हां में मिला दी है। और कार्ययोजनाओं पर काम करना शुरू कर दिया है।

अफसरों ने कितना काम विभिन्न प्रोजेक्ट पर किया और इसके परिणाम क्या निकले। ये जानने के लिए आपको आगामी जून-जुलाई का इंतजार करना पड़ेगा। मानसून की बरसात में प्रशासनिक तैयारियों की परीक्षा होगी। ध्यान ये भी रहे कि हर साल कई-कई महीने शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए प्रशासनिक तैयारियां शुरू होती हैं। लेकिन जब समय आता है तो सभी तैयारियां पानी में बह जाती हैं। ध्यान रहे कि गत मानसून में रोहतक जिले में 626.6 मिलीमीटर बरसात हुई थी। जोकि सामान्य से 34 प्रतिशत ज्यादा थी। अगर बारिश सामान्य होती है तो भी जलभराव होता है। गत सीजन में तो कई दिन तक पॉश इलाकों से बरसाती पानी की निकासी नहीं हुई थी।

### ये हैं संसाधन

मीटिंग में मौजूदा अवसंरचना का आंकलन, संवेदनशील स्थलों की पहचान तथा आने वाले महीनों के लिए सुव्यवस्थित कार्यान्वयन रोडमैप को अंतिम रूप दिया गया। स्पष्ट किया गया कि मानसून के दौरान आपातकालीन हस्तक्षेप से बचने और सभी निवारक, सुधारात्मक तथा दीर्घकालिक उपायों को व्यवस्थित एवं समन्वित ढंग से लागू करने के लिए अग्रिम तैयारी अत्यंत आवश्यक हैं। शहर में लगभग 600 किलोमीटर लंबा सीवरेज पाइपलाइन नेटवर्क है, जिसमें 300 मिमी से 1600 मिमी व्यास के पाइप शामिल हैं। इसके अंतर्गत 15 सीवरेज डिस्पोजल बिन्दु कार्यरत हैं, जिनकी कुल डिस्चार्ज क्षमता 268.75 क्यूसेक है। इसके अतिरिक्त 7 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) 130.50 एमएलडी की डिजाइन क्षमता के साथ संचालित हैं, जिनमें वर्तमान में लगभग 75 एमएलडी सीवेज का उपचार किया जा रहा है।

### वर्षों से स्थान चिन्हित

जन स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज अवसंरचना के अंतर्गत लगभग 50 किलोमीटर आरसीसी स्टॉर्म वाटर पाइपलाइनें हैं। जिनका व्यास 300 मिमी से 900 मिमी तक है। इसके साथ ही 16 कार्यशील स्टॉर्म वाटर डिस्पोजल बिन्दु हैं। जिनकी कुल डिस्चार्ज क्षमता 378.43 क्यूसेक है। यह प्रणाली प्रति घंटे 12 मिमी वर्षा की तीव्रता के अनुरूप डिजाइन की गई है।

### तीन चरणों में होंगे कार्य

- प्रथम चरण में 15 मार्च तक सभी अल्पकालिक बाढ़ नियंत्रण उपायों की पूर्णता, जिसमें नालों, सीवर लाइनों एवं नालियों की गाद निकालना, अवरोधों को हटाना तथा तात्कालिक सुधारात्मक कार्य शामिल हैं।
- दूसरे चरण में 15 अप्रैल तक शहरी बाढ़ प्रबंधन से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों की पूर्णता, विशेषकर जलभराव-प्रवण क्षेत्रों में सुनिश्चित की जाएगी।
- तीसरे चरण में दीर्घकालिक बाढ़ प्रबंधन परियोजनाओं की पूर्णता सुनिश्चित की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### एमडीयू में श्रद्धा से मनाया वीर बाल दिवस

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा आज एक्टिविटी सेंटर में वीर बाल दिवस अत्यंत श्रद्धा, गरिमा और प्रेरणादायी वातावरण में मनाया गया। यह कार्यक्रम सिख इतिहास के अमर बलिदानी शहीद बाबा जोरावर सिंह और शहीद बाबा फतेह सिंह की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम के आरंभ में उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर बाल शहीदों के अद्वितीय साहस, धर्मनिष्ठा और बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम में डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. एससी मलिक ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अत्यंत कम आयु में मुगल काल की अमानवीय यातनाओं को सहते हुए बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि वीर बाल शहीदों का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए अद्भुत प्रेरणा का स्रोत है, जो हमें सत्य के मार्ग पर अडिग रहने, अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संदेश देता है।

### ग्रामीण पर्यटन बनेगा विकास का मजबूत आधार

# गांवों की गोद में छिपा है विकसित भारत का सपना : प्रो. शीबा हामिद

**भारत में ग्रामीण पर्यटन में अवसर और चुनौतियां विषय पर विस्तार से चर्चा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** आईएचटीएम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. शीबा हामिद के साथ प्रोफेसर व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में शुक्रवार को भारत में ग्रामीण पर्यटनः अवसर और चुनौतियां विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की वरिष्ठ शिक्षाविद् प्रो. शीबा हामिद ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की और ग्रामीण पर्यटन को विकसित भारत के सपने का सशक्त आधार बताया। प्रो. शीबा हामिद ने कहा कि भारत के गांवों में प्रकृति, लोक-संस्कृति, पारंपरिक खानपान, हस्तशिल्प, कृषि आधारित जीवनशैली और परंपरागत ज्ञान का विशाल भंडार है, जिसे शोध, फील्ड वर्क और नीति आधारित अध्ययन के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा सकता है। उन्होंने शोधार्थियों से ग्रामीण पर्यटन को लेकर गहन अनुसंधान करने का आह्वान करते हुए कहा कि यह क्षेत्र स्थानीय आजीविका, ग्रामीण उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकता है इस अवसर पर चौधरी रणबीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल एंड इकोनॉमिक चेंज के निदेशक प्रो. संदीप मलिक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए कहा कि ग्रामीण पर्यटन जैसे विषय रोजगार सृजन, नवाचार और स्थानीय पहचान को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. शिल्पी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आईएचटीएम के डॉ. संजीव कुमार, डॉ. ज्योति, डॉ. सुमेघ सहित संकाय सदस्यों तथा शोधार्थियों सुप्रिया, नेहा, अरुण, यश, अजय, नितेश सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

**कौशल विकास पर दिया जोर**

प्रो. हामिद ने यह भी रेखांकित किया कि ग्रामीण पर्यटन को सतत और सफल बनाने के लिए गुणवत्ता मानकों, कौशल विकास, जिम्मेदार पर्यटन व्यवहार, डिजिटल प्रचार तथा स्थानीय समुदाय के आर्थिक हितों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 और वोकल फॉर लोकल अभियान से जोड़ते हुए कहा कि हरियाणा ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और संस्थान की शैक्षणिक प्रगति, शोध गतिविधियों तथा उपलब्धियों की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आईएचटीएम निरंतर प्रयास कर रहा है कि शोधार्थियों को देश के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से संवाद और मार्गदर्शन मिले, जिससे अनुसंधान की गुणवत्ता और सामाजिक प्रभाव दोनों सुदृढ़ हों। प्रो. शीबा हामिद ने एमडीयू के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह एवं आईएचटीएम टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान के छात्र आज राष्ट्रपति भवन, सुप्रीम कोर्ट, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय होटल श्रृंखलाओं, एयरपोर्ट्स और पर्यटन क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं दे रहे हैं, जो हरियाणा के लिए गर्व की बात है।

### जयंती पर शहीद उधम सिंह का बलिदान बताया



शहीद उधम सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डा. अशोक कुमार रंगा व पार्टी के अन्य नेता।

**रोहतक।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.अशोक कुमार रंगा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शहीद उधम सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं, स्थानीय नागरिकों और युवाओं ने भाग लिया। शहीद उधम सिंह के बलिदान को याद करते हुए सभी ने उनके देशभक्तिपूर्ण जीवन पर प्रकाश डाला। डॉ. अशोक रंगा ने अपने संबोधन में प्रमुखता से कहा कि शहीद उधम सिंह का बलिदान हमें सिखाता है कि अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाने वाले वीर सपूतों की कुर्बानी व्यर्थ नहीं जाती। आज जब देश आंतरिक व बाहरी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्रहित में एकजुट होना होगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए स्वयं को समर्पित करें।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ



**रोहतक।** राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय, सांपला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का भव्य शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला एनएसएस समन्वयक मनोज अहलावत उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैन ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता शालिनी द्वारा किया गया। शुभारंभ अवसर पर वाणिज्य संकाय की छात्रा ज्योति ने एनएसएस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर स्वयंसेवकों को सेवा भाव के प्रति प्रेरित किया। इसके पश्चात तनिषा, जाह्नवी, डिंपल एवं ईशु द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संदीप नैन ने अपने संबोधन में दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुशासन, सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का महत्व समझाते हुए एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

### अटल विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए आकर्षक मॉडल



**महम।** मदीना स्थित रामकृष्ण परमहंस वमावि में विद्यार्थियों ने अटल विज्ञान प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपने अपने मॉडल प्रदर्शित किए। डायरेक्टर साहिल ढांगी ने बताया कि विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ने और उनके भीतर छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए अटल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में तीन विषयों जैसे विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और रोबोटिक्स पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने अपने विज्ञान प्रोजेक्ट के जरिए भविष्य की विभिन्न जरूरतें और उसे पूरा करने के तरीकों को बताया। विद्यार्थियों ने अनेक विषयों पर मॉडल बनाए। इसमें स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमेटिक वॉटर टैप, मशीन स्मार्ट लॉकर ,ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट ड्रोन और इसमें ह्यूमनॉइड रोबोट भी बनाया गया।



**रोहतक।** सराय मौहल्ला में स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तजन।

### मां पदमावती और क्षेत्रपाल की अराधना की

**रोहतक।** श्री पदमावती-क्षेत्रपाल भक्तगण मण्डल द्वारा आयोजित सराय मौहल्ला में स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर में दो दिवसीय श्रुतदेवी मां सरस्वती, मां पदमावती-क्षेत्रपाल की अराधना की गई। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि चिन्तामणि पार्श्वनाथ भगवान का पंचामृतअभिषेक व माह शांतिधारा वरूण जैन, मण्डल के सदस्यों व श्रद्धालुओं द्वारा की गई। समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां पदमावती का पंचामृत अभिषेक समाज सेवी उद्योगपति राजेश जैन, संध्या जैन व स्मृद्धि जैन, महिलाओं के द्वारा सामूहिक, श्रृंगार, चोला, गोदभराई व महाप्रसाद टोकरी गोदभराई अर्पित की गई। बाबा क्षेत्रपाल का श्रद्धालुओं ने सामुहिक सिंदूर श्रृंगार , चोला चढ़ाया गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में छाए विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



डीएवी पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव 'क्षितिज' का भव्य आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ किया गया। समारोह स्थल रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्प-सज्जा और आकर्षक मंच व्यवस्था से सुसज्जित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों चेयरमैन, मार्केट कमेटी रोहतक अशोक चौधरी, प्रेसिडेंट रोटरी क्लब एसएल वर्मा, पार्षद कंचन खुराना, अनीता मिगलानी, डिंपल जैन मुक्ता नागपाल एवं महामंडलेश्वर बाबा कर्णपुरी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रिंसिपल रिंकू वर्मा ने बताया कि आभा गांगल की उपस्थिति में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम दो भागों में आयोजित हुआ। प्रथम भाग में प्री-केजी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने "ब्लोमिंग फ्लावर" थीम पर आधारित स्वागत गीत, फैशन शो, नृत्य एवं भांगड़ा प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। द्वितीय भाग में तीसरी से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने "थ्रेड्स ऑफ लव" थीम के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक नो नशा नेशन, आत्मरक्षा प्रदर्शन, स्किट, क़व्वाली एवं नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

**विजेता विद्यार्थी सम्मानित**

समारोह में विद्यालय की शैक्षणिक एवं खेल उपलब्धियों को ऑडियो-विजुअल प्रस्तुति के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। नृत्य, हूला हूप, स्केटिंग एवं रस्सी कूद प्रतियोगिताओं में राज्य व क्लस्टर स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या रिंकू वर्मा ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मेधावी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना है।

मार्केट न्यूज

### पी.पी. ज्वेलर्स, रोहतक में सोने चांदी के गहनों पर नये डिजाइनों पर खास ऑफर




**रोहतक।** पीपी ज्वेलर्स रेलवे रोहतक ने अपने शो-रूम में सोने चांदी के गहनों की खरीददारी पर ग्राहकों को खास ऑफर्स दिया जा रहा है। शादी की तैयारियों में जुटे परिवार इस पर दिलचस्पी दिखा रहे हैं। नया गोल्ड और सिल्वर कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। नई रेंज ग्राहकों को आकर्षित करती है ट्रेडिशनल से लेकर मॉडर्न डिज़ाइनों तक, हर तरह की पसंद के लिए यहाँ काफी खूबसूरत विकल्प उपलब्ध हैं। सबसे बड़ी खासियत यह है कि वर्तमान में गोल्ड ज्वेलरी पर सिर्फ 5% मेकिंग चार्जेस रखे गए हैं, जिससे ग्राहकों के बजट में शानदार डिज़ाइनों की खरीदारी और भी आसान हो गई है। बढ़ती हुई मार्केट कीमतों को देखते हुए सिल्वर ज्वेलरी खरीदना इस समय सबसे फायदेमंद माना जा रहा है, क्योंकि सिल्वर के रेट लगातार ऊपर जा रहे हैं। पी.पी. ज्वेलर्स में नई सिल्वर रेंज भी उपलब्ध है, जिसे लेकर खरीदारों में काफी रुचि देखी जा रही है हर रोज के लिए हल्के गहने हों या शादी-विवाह के लिए प्रीमियम पीसेज़। पी.पी. ज्वेलर्स गुणवत्ता, डिज़ाइन और भरोसे के मामले में ग्राहकों की पहली पसंद बना हुआ है।

### चीनी मिलों को लाभ में लाने के लिए बनेगी समन्वय समितिः अरविंद शर्मा

**रोहतक।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सहकारी चीनी मिलों को लाभ में लाने के उद्देश्य से प्रदेश स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ तकनीकी विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यह समिति निरन्तर व औचक निरीक्षण करते हुए चीनी मिलों में वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने पर काम करेगी तथा इसी बीच कोई अनियमितता सामने आएगी तो कार्रवाई के लिए अनुशंसा करेगी। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने तीन दिवसीय राखीगढ़ी महोत्सव के उद्घाटन समारोह से वापसी के दौरान द रोहतक सहकारी चीनी मिल, भाली-आनंदपुर व जिला कारागार, रोहतक का औचक निरीक्षण किया।

## मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलावत स्कूल का कराया व्यापक नवीनीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक





मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी सीएसआर (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) पहल के तहत शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलावत (शौर्य चक्र से सम्मानित) मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खेड़ी साध का व्यापक नवीनीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कराया है। इस नवीनीकरण से विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकी हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए महताब सिंह गहलावत ने बताया कि स्कूल के कुल 37 कक्षाओं की मरम्मत कराई गई है। कक्षाओं की दीवारों एवं फर्श पर टाइल लगाई गई, जिससे कक्षाएं अधिक स्वच्छ और आकर्षक बन गई हैं। बरसात के मौसम में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए छतों को पूरी तरह वॉटरप्रूफ किया गया। इसके साथ ही दरवाजों और खिड़कियों पर मच्छरों से सुरक्षा के लिए जालियां लगाई गईं, ताकि छात्रों के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

विद्यालय परिसर में स्थित पार्कों की पेंटिंग कर उनका सौंदर्यीकरण किया गया, जिससे स्कूल का वातावरण और भी सुंदर व प्रेरणादायक बन गया है। लड़कियों के बाथरूमों की मरम्मत कर पेंटिंग करवाई गई, जिससे स्वच्छता और उपयोगिता में सुधार हुआ। स्कूल के मुख्य गेट पर ग्रेनाइट लगाकर उसका भी आकर्षक रूप से सौंदर्यीकरण किया गया है।

इसके अलावा गेट के मुख्य द्वार पर शहीद मेजर सज्जन सिंह गहलावत, शौर्य चक्र विजेता, की फोटो लगाई गई है, जिसमें उनके जीवन और उपलब्धियों को दर्शाया गया है। यह छात्रों के लिए देशभक्ति और साहस की प्रेरणा का स्रोत बनेगा।यह नवीनीकरण कार्य जून माह में शुरू होकर 23 दिसंबर को पूर्ण हुआ। इस कार्य के लिए स्कूल प्रबंधन ने बहुत सहयोग किया एवं इस कार्य के लिए मारुती सुजुकी का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर परीक्षित देशवाल (पार्षद), मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के पदाधिकारी, स्कूल प्रशासन के सभी सदस्य तथा गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और इस पहल की सराहना की एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी

**MATU RAM INSTITUTE OF ENGG. & MGT., ROHTAK**
Ph.No. 01262262585, M. 9992000181 (Email.mriemcollege@gmail.com)
**NOTICE INVITING TENDER**
Tender form of Rs.1000/- (Non Refundable) available in the Institute for invited under sealed envelope from experienced Contractors for a period of minimum 1 year at first instant for providing canteen service. The forms should reach the under-signed up to 16/01/2026 by 2.00 p.m. The tender will be opened on 17/01/2026 at 11.00 a.m. The terms and conditions are available on the website of the Institution:- www.mriem.org and in the tender form.
Sd/- DIRECTOR

## भिवानी के उमरावत गांव में रोहतक के चार साहित्यकार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



भिवानी जिले के गांव उमरावत स्थित सूर्य कवि दादा लख्मीचंद आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम म्हारी संस्कृति म्हारा स्वाभिमान के दौरान के चार वरिष्ठ साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मधुकांत, प्रो. शामलाल कौशल, सत्यवीर निराला एवं डॉ. अर्चना कोचर को मंच पर पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिह्न (मोमेंटो) और नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुशीला जांगड़ा द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात हरियाणा संस्कृति की शान को दर्शाती सॉन्ग प्रस्तुति ने समां बांध दिया। रोहतक व जींद से पधारे साहित्यकारों ने अपने ओजपूर्ण काव्य पाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और हरियाणवी संस्कृति, समाज व संवेदनाओं को शब्दों के माध्यम से जीवंत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हनुमान कौशिक ने की, जबकि मंच संचालन धर्मवीर नगर द्वारा किया गया। मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मधुकांत, प्रो. शामलाल कौशल, डॉ. सत्यवीर निराला, डॉ. अर्चना कोचर, जगदीश पांचाल, ओम प्रकाश चौहान एवं बहन सुशीला जांगड़ा शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपरा, भाषा और साहित्य को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं।



### समर्थगुरु संघ रोहतक द्वारा सुरती योग का शुभारंभ

**रोहतक।** ओमैक्स सिटी स्थित समर्थगुरु संघ रोहतक के मेडिटेशन सेंटर ताज गार्डन में तीन दिवसीय ओशोधारा के द्वितीय तल का कार्यक्रम सुरती योग विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ। इस ध्यान शिविर में कुल 38 साधक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में आचार्य की भूमिका अनहद एवं बसंत (हिसार) द्वारा निभाई जा रही है, जबकि केंद्र कोऑर्डिनेटर आचार्य ओंकार,जिला समन्वयक डॉ. परमवीर फोगाट एवं मां मोनिका का विशेष सहयोग रहा। गौरतलब है कि समर्थगुरुधाम मुरथल के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार पिछले आठ वर्षों से प्रत्येक रविवार को रोहतक में नियमित रूप से ध्यान सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें समाज के सभी वर्गों एवं आयु वर्ग के लोग उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। आज के तनावग्रस्त जीवन में मेडिटेशन की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए साधकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को रोहतक में ही आयोजित करने की अनुमति प्रदान करने पर साधकों ने समर्थगुरु के प्रति अहोभाव एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में वीर बाल दिवस पर नन्हें विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट विद्यालय में सीबीएसई के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य साहिबजादों के अद्भुत बलिदान और वीरता से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग, कविता पाठ, वाद-विवाद प्रतियोगिता, पीटी प्रस्तुति, चित्रकला तथा देशभक्ति नाट्य प्रस्तुति जैसी अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से दिए गए उपविषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया । विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. ममता मलिक ने विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, नवाचार, नेतृत्व क्षमता, साहस, बलिदान और देशभक्ति के मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं।

**TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

श्री गणेशाय नमः
**श्री बालाजी ज्योतिष केन्द्र**
म.नं. 232, सेक्टर -14, हिसार मो. 85710-24131 87086-55938
प्यार मोहब्बत किया/कराया, जादू-टोना गुप्त दुश्मन, सौतन, नजर दोष, विदेश यात्रा, सास बहु/पति पत्नी में अनबन, पशुधन बर्बाद होना, कारोबार में बरकत ना होना, धन की बर्बादी, पढ़ाई में मन न लगना, विवाह में देरी, नौकरी में प्रमोशन
समस्या कैसी भी हो,
जड़ से होगी खत्म जब कभी भी ना बना हो काम तो होगा गारन्टीड समाधान
**पं. तुषार शर्मा** (गोल्ड मेडलिस्ट)
हर रोज मिलें सुबह 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
REQUIRES
- Nursing Staff 4
- ICU Staff 6
- PRO/Marketing Executive 6
- Ward Boy 2
- Gate Keeper 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

**MANSAROVER HOSPITAL**
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज फ्री ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC

के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
UPTO 80% OFF
ON ALL MRP 6% OFF
NEW YEAR Sale
26 DEC TO 10 JAN
On Shopping Of ₹4999 & Above FREE 2 LTR T&C APPLY
On Shopping Of ₹1999 & Above FREE 500ML T&C APPLY
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT HISAR
24 MANTRA ATTA 5KG BUY 1 GET 1 FREE
BREGANO PASTA ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
TOPS TOMATO KETCHUP 850GM BUY 1 GET 1 FREE
WELCOME`S SPICES (SELECTED VARIANTS) BUY 1 GET 1 FREE
WOW BODY LOTION BUY 1 GET 2 FREE
FIT 4 DIET GAJJAK - LADDO - PEANUT CHIKKI AND MORE, UPTO 50% OFF ON MRP
NEW YEAR SPECIAL OFFER
MCCAIN 1.2KG BUY 1 GET 1 Free
BLUE TRIBE SOYA CHAAP 250GM BUY 1 GET 1 Free
COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR ₹75
BISLERI COLA / JEERA / POP / LIMONATA 600ML BUY 1 GET 2 Free
BISLERI SODA 750ML / WATER 1LTR BUY 2 GET 1 Free
MAAZA 1.2 LTR BUY 1 GET 2 Free
FUN FLIPS / DIAMOND CHIPS BUY 1 GET 1 Free
BTW ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 Free
SATMOLA NAMKEEN BUY 1 GET 1 Free
24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR BUY 1 GET 1 Free
GM POHA(500g) BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE ATTA ( 10 KG ) ₹399
TAJ MAHAL TEA ₹525
TATA TEA PREMIUM 1 KG ₹349
DAAWAT ROZANA BASMATI GOLD RICE 5KG ₹399
RAJDHANI BESAN 1KG ₹89
XCITE NOODLES ( 330 G) BUY 1 GET 1 Free
HURRICANE ENERGY DRINK (250 ML) BUY 1 GET 1 Free
DEHAAT MAKHANA \ TOOR DAL BUY 1 GET 1 Free
PATANJALI NARIYAL BISCUITS 204GM AND ATTA NOODLES BUY 1 GET 1 Free
PATANJALI COW'S GHEE 900ML ₹625
PREET LITE GHEE 1L ₹309
VITA GHEE 1LTR ₹649
PRABHAS GHEE (1 LTR) BUY 1 GET 1 Free
FORTUNE PURE MUSTARD OIL 1LTR ₹175
PATANJALI MUSTARD OIL 1 LTR ₹179
Rohtak, Bus Stand
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480
Rohtak, Model Town
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480
Karnal
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555
Dighal
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127
Bahadurgarh
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899
Sampla
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800
Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626
Jhajjar
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531
Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555
Zirakpur
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91 90530 87555
Hisar
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427
UPCOMING BRANCHES Ghaziabad Mohali Bhiwani Pinjore Sirsa
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST*STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.